ग्रामीण कृषि मौसम सेवा

भारत मौसम विज्ञान विभाग

गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 06-08-2021

उधम सिंह नगर(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-08-06 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-08-07	2021-08-08	2021-08-09	2021-08-10	2021-08-11
वर्षा (मिमी)	5.0	5.0	25.0	30.0	30.0
अधिकतम तापमान(से.)	33.0	34.0	32.0	32.0	33.0
न्यूनतम तापमान(से.)	26.0	27.0	26.0	26.0	25.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	70	70	75	80	90
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	55	55	60	60	60
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	8.0	8.0	8.0	8.0	10.0
पवन दिशा (डिग्री)	100	110	120	120	200
क्लाउड कवर (ओक्टा)	7	8	8	7	7

मौसम सारांश / चेतावनी:

विगत सात दिनों (30 जुलाई– 5 अगस्त, 2021) में 19.6 मिमी वर्षा होने व आसमान मे मध्यम से घने बादल छाये रहे। अधिकतम तापमान 32.2 से 34.5 डि0से0 एवं न्यूनतम तापमान 25.4 से 27.1 डि0से0 के बीच रहा तथा वायु में सुबह 0712 बजे सापेक्षित आर्द्रता 78 से 97 प्रतिशत व दोपहर 1412 बजे सापेक्षित आर्द्रता 63 से 74 प्रतिशत एवं हवा 1.3 से 11.9 कि0मी0 प्रति घंटा की गति से मुख्यतः पूर्व-दक्षिण-पूर्व व पूर्व-उत्तर-पूर्व दिशा से चली। आगामी पांच दिनों में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमश: 32.0 से 34.0 व 25.0 से 27.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| हवा के 8.0-10.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। ईआरएफएस के अनुसार, 11 से 17 अगस्त के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से कम व अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं।

सामान्य सलाहकार:

कोरोना (कोविड-19) की दूसरी लहर व इसके गंभीर फैलाव को देखते हुए किसानों को सलाह है कि तैयार फसलों की कटाई तथा अन्य कृषि कार्यो के दौरान भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा, मास्क का उपयोग, साबुन से उचित अन्तराल पर हाथ धोना तथा एक दूसरे से सामाजिक दूरी बनाये रखने पर विशेष ध्यान दें| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि उधम सिंह नगर के लिए एनडीवीआई 0.2-0.40 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से उधम सिंह नगर जिले में हल्की नमी की स्थिति दर्शाता है। किसान भाई समय पर मौसम पूर्वानुमान और जिलेवार कृषि मैसम परामर्श सलाह तथा आकाशीय बिजली गिरने की जानकारी प्राप्त करने हेतु अपने स्मार्टफोन में गूगल प्ले स्टोर से मेघदूत व दामिनी मोबाईल एप निःशुल्क डाउनलोड कर सकते हैं।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम वर्षा होने की सम्भावना है। रसायनो का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
मूँग	मूँग की बुवाई माह के मध्य तक अवश्य कर लें।
चावल	रोपित धान में निराई कर संस्तुति अनुसार नत्रजन की टॉप ड्रेसिंग करें। खरपतवार नियंत्रण हेतु निराई दो बार- पहला रोपाई के 20 दिन तथा दूसरा 40 दिन पर अवश्य करें। अगर मानव श्रम की कमी हो तो धान मे खरपतवार नियंत्रण हेतु रोपाई के 2-3 दिन के अंदर ब्यूटाक्लोर 50 ई सी के 3.0 लीटर या एनीलोफास 30 ई सी के 1.65 लीटर या प्रेटीलाक्लोर 50 ई सी के 1.50 लीटर दवा प्रति हैक्टर को 500 लीटर पानी मे घोल कर छिड़काव करें। विसपाइरीवैक सोडियम 10 ई0सी0 की 20-25 ग्राम मात्रा का छिड़काव रोपाई के 15-20 दिन के अंदर करना चाहिए। रसायनों का छिड़काव मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर करें।
चारा मक्की	खरीफ चारा फसलों-ज्वार, लोबिया, मक्का, बाजरा, ग्वार आदि की बुवाई करें|

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
लौकी	लौकी में फलमक्खी का प्रकोप होने पर, फेरोमोन ट्रैप लगाकर कुछ कम कर सकते है।
आम	आम के पेड़ में पत्तियों का सूखना मुख्य रूप से खेत में जलजमाव के कारण होता है। इसलिए जल निकासी की समुचित व्यवस्था करें। आम के पेड़ की स्थापना के प्रारंभिक वर्षों में जलजमाव बहुत हानिकारक होता है। जब खेत पानी मुक्त (शुष्क हो जाए) लेकिन उसमें नमी की मात्रा उपयुक्त हो, तो पौधों की उम्र के अनुसार पेड़ के थालों में उर्वरकों की संस्तुत मात्रा का प्रयोग करें।
अमरूद	अमरूद के पेड़ में स्केल कीट का प्रकोप होने पर इमिडाक्लोप्रिड 17.8 एसएल का 2 मिली/5 लीटर पानी या थियामेथोक्सम 25 डब्ल्यूडीजी का 2 ग्राम/5 लीटर पानी का छिड़काव करें। रसायनो का प्रयोग मौसम पूर्वानुमान को ध्यान में रखकर ही करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	पशुओ में खुरपका एवं मुँहपका रोग से बचाव हेतु पशुचिकित्सक की सलाह से टीकाकरण करवाए।

मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह:

मुर्गी पालन	मुर्गी पालन विशिष्ट सलाह
मुर्गी	मुर्गी पालन के उत्पादन में अधिक से अधिक लाभ हेतु मुर्गियो का समय से टीकाकरण करवायें।